## महत्वपूर्ण एवं खास

### अग्निशमन सेवा दिवस मनाया गया

**कोरबा (आरएनएस)।** केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, इकाई केएसटीपीपी के तत्वावधान में अग्निशमन सेवा दिवस शनिवार को मनाया गया। इस अवसर पर एनटीपीसी कोरबा के कार्यकारी निदेशक नीरज कुमार सिन्हा उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कमाण्डेंट एवं प्रबंधक बीके यमुना ने किया। अतिथियों के साथ केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल में शहीदों को पुष्पचक्र व श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें याद किया। सिन्हा ने सभी को अग्नि सुरक्षा संबंधी शपथ दिलाए। साथ ही उसके प्रचार प्रसार के लिए पुस्तक का विमोचन किया। अंत में अग्निशमन रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

### वेलफेयर कमेटी करेगी निरीक्षण

**कोरबा (आरएनएस)।** कंपनी वेलफेयर कमेटी की टीम 18 अप्रैल को एसईसीएल गेवरा परियोजना की कालोनी का निरीक्षण करेगी। साथ ही एनसीएच अस्पताल का भी निरीक्षण किया जाएगा। टीम में शामिल संजय शर्मा कर्मचारियों से मुलाकात कर चर्चा करेंगे। एसईसीएल की कालोनियों में प्रबंधन की ओर से कई तरह के विकास कार्य कराए जाने की बात कही जाती है। हालांकि इसके बाद भी कर्मचारियों की समस्या बनी हुई है।

### बम विस्फोट में एक जवान घायल

**जगदलपुर,(आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में कल देर शाम नक्सलियों द्वारा बिछाए गए प्रेशर बम विस्फोट में डीआरजी का एक जवान देवनाथ गंभीर रूप से जख्मी हो गया, जिसके चेहरे पर गंभीर चोटें आयी हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार चिंतागुफा थाने से पुलिस का संयुक्त बल गश्त सर्चिंग के लिए रवाना किया गया था। लौटते वक्त देर शाम को थाने से महज 500 मीटर की दूरी पर ही नक्सलियों द्वारा बिछाए गए प्रेशर बम में पैर पड़ने पर विस्फोट हो गया। धमाके में डीआरजी का जवान देवनाथ गंभीर रूप से जख्मी हो गया है। देवनाथ को चिंतागुफा प्राथमिक केन्द्र में उपचार के बाद आज सुबह बेहतर इलाज के लिए हेलीकाप्टर से रायपुर रेफर किया गया है।

### शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर, (आरएनएस)।** शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार राजनांदगांव निवासी 21 वर्षीय प्रार्थिया भैरव सोसायटी पचपेड़ीनाका में रहती है। बताया जाता है कि उसके पड़ोस में रहने वाला आरोपी कामदेव साहू पिता राजेन्द्र साहू 27 वर्ष ने प्रार्थिया को शादी का झांसा देकर उसके साथ संबंध बनाते रहा।

# मेरे खिलाफ सोशल मीडिया में टपोरी लोग कर रहे कमेंट - अमर अग्रवाल

**बिलासपुर, (आरएनएस)।** प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री अमर अग्रवाल सोसल मिडिया पर हो रहे हमले से तिलमिला गए है। ऐसे लोगों को उन्होने सडक़ छाप टपोरी तक कह दिया। उन्होने कहा कि सडक़ छाप टपोरी लोग उसके खिलाफ सोसल मिडिया में कमेंट्स कर रहे है। ऐसे लोगों के कमेंट्स पर मैं ज्यादा ध्यान नहीं देता। बिलासपुर प्रेस क्लब में प्रेस से मिलिए कार्यक्रम में पहुंचे अग्रवाल ने कहा कि अभी वे अपने कार्यक्रर्ताओं के साथ विधानसभा क्षेत्र में आनेवाले सभी 56 वोर्डो का भ्रमण किया। इस दौरान लगभग 25 हजार लोगों से उनकी जीवंत मुलाकात हुई। इस जनसंपर्क में पौन घंटे तक गली-गली घुमने के अलावा समस्या समाधान शिविर का भी आयोजन किया गया। जिसमें लोगों ने सफाई, पानी और पानी निकासी जैसी समस्याएं गिनाई। शहर के लोग पहले से और बेहतर सफाई व्यवस्था चाहते है। इसके अलावा कहीं-कहीं राशन कार्ड में नाम जुड़वाने, उज्ज्वला योजना के लिए गैस कनेक्शन लेने और स्मार्ट कार्ड बनवाने जैसी मांग आई है। इन सब छोटी-मोटी समस्याओं के लिए निगम अधिकारियों की बैठक लेकर निराकरण करने के निर्देश दे दिए गए है। स्मार्टकार्ड के लिए जल्द ही सभी वार्डो में शिविर लगाए जाएंगे। जनसंपर्क यात्रा में सबसे ज्यादा आवास की मांग आई है ऐसे आवेदनों की सं या लगभग 15 हजार है। उन्होने कहा कि इसके पहले शहर में जो सर्वे किया गया था उसमें लगभग 20 हजार आवेदन आए थे। जांच के बाद लगभग 16 हजार आवेदन को पात्र पाया गया था। लेनिक कुछ विध्न संतोषियों के कारण चार हजार आवेदकों को अपात्र कर दिया गया था। ऐसे लोग अपने आपको गरीबों के मसीहा के रूप में पेश करते है। लेकिन शहर के सभी 20 हजार आवेदकों को आवास मिलेगा और 2022 तक कोई भी आवासहिन नहीं रहेगा। एक सवाल के जवाब में उन्होने कहा कि शहर वृक्षविहिन नहीं हुआ है।



## मीठे जल के स्रोत हाथी दरहा का कब होगा संरक्षण

***हाथी के सूंड से निकलने वाले मीठे जल से लोग बुझा रहे प्यास***

**जगदलपुर, (आरएनएस)।** बस्तर जिला मुख्यालय से लगभग 40 किमी दूर स्थित हाथी खोदरा स्थल है, जहां 400 साल पुरानी किवदंति पर भरोसा करने वाले लोग कहते हैं कि प्राकृतिक पहाड़ी में हाथी के सूंड से मिलने वाले मीठे जल को आज भी पी रहे हैं। इसके स्त्रोत के साथ हुई छेड़छाड़ के बावजूद इस जगह के संरक्षण को लेकर न तो कोई पहल हुई और न ही संबंधित विभाग इस ओर चिंतित नजर आ रहा है। बस्तर ब्लॉक मुख्यालय के निवासी 83 वर्षीय खतकुड़ी बघेल ने बताया कि यह किस्सा उन्होंने अपने दादा-परदादा से सुना था। तब की कहानी कुछ यूं थी कि महाराजा कोमलदेव का एक हाथी भटकते हुए जंगल में पहुंच गया, जिसे ग्रामीणों ने अपने कब्जे में ले लिया। इसके बाद 40 फीट गहरे गड्ढे में उसे छिपाकर रखा और कुछ समय के बाद हाथी पत्थर में तब्दील हो गया। इसी पत्थर के हाथी की सूंड से निकलने वाला मीठा जल वहां से गुजरने वाले राहगीर प्यास बुझाने के लिए उपयोग करने लगे। चूंकि इस गड्ढे के पास ही एक आकर्षक शिवलिंग भी है, लिहाजा सैर-सपाटे के लिए पहुंचने वाले लोगों ने यहां पूजा-पाठ आरंभ कर दिया और देखते ही देखते स्थल की ख्याति फैल गई। 400 साल पुराने इतिहास से छेड़छाड़ हुई और जंगल अमले के लोगों ने यहां एक सूचना का बोर्ड लगा दिया और अपने दायित्वों को समाप्त मान लिया। बोर्ड में लिखा है इस जगह की किसी भी चीज से छेड़छाड़ करने वालों के विरूद्ध एक लाख रुपए का जुर्माना वसूला जाएगा, लेकिन हकीकत यह है।

### युवक पर धारदार हथियार से हमला, जुर्म दर्ज

**रायपुर, (आरएनएस)।** साहूपारा फाफाडीह स्थित राशन दुकान के पास तीन युवकों ने एक युवक पर धारदार हथियार से मारकर चोट पहुंचाया। प्राथ्री की शिकायत पर गंज थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी राहुल दीप पिता टुनू दीप 21 वर्ष हाऊसिंग बोर्ड कालोनी सड्डू का रहने वाला है। बताया जाता है कि कल शाम प्रार्थी साहूपारा फाफाडीह स्थित राशन दुकान के पास खड़ा था तभी आरोपी गोलू खान, अब्दुल खान व नियाज खान प्रार्थी के पास आया और गाल-गलौज कर धारदार हथियार से मारकर चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर गंज थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294,506,324,323,34 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### युवक पर चाकू से हमला

**रायपुर, (आरएनएस)।** पंडरी स्थित सिंधी धर्मशाला के पास युवक पर चाकू से हमला करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाईन पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी मोहम्मद आलम पिता मोहम्मद कलामुद्दीन 24 वर्ष ताजनगर पंडरी का रहने वाला है। बताया जाता है कि कल रात प्रार्थी सिंधी धर्मशाला पंडरी के पास खड़ा था तभी ताजनगर निवासी आरोपी गैंडा प्रार्थी के पास आया और गाली-गलौज कर चाकू से जांघ पर मारकर चोट पहुंचाया।


### एटीएम मॉनिटर क्षतिग्रस्त

**कोरबा (आरएनएस)।** बाल्को सेक्टर दो में लगे एसबीआइ के एटीएम में असामाजिक तत्वों ने घुसकर एटीएम मॉनिटर को क्षतिग्रस्त कर दिया है। सिक्योरिटी गार्ड की सूचना पर बाल्को पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है। एटीएम मॉनिटर को क्षतिग्रस्त करने पर लगभग 50 हजार का नुकसान हुआ है। जानकारी के अनुसार बाल्को थानांतर्गत बाल्को सेक्टर दो में क्रमवार तीन एटीएम लगे हैंए जहां सिक्योरिटी गार्ड के रूप में संजय नगर निवासी अरूण बघेल पिता छोटेलाल बघेल कार्यरत है। शनिवार की रात गार्ड लघुशंका के लिए गया हुआ था। वापस लौटने पर बीच में लगे एनसीआर मशीन के मॉनिटर का शीशा टूटा हुआ मिला।

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र की
खरसिया,सारंगढ़, पुसौर, तमनार,घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर
एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग. संपर्क करें मो.नं. 9039961090

CAREER HINDI & ENGLISH MEDIUM SCHOOL
CAREER SCHOOL
स्थापना दिनांक 1 जुलाई 1996
पिछले 22 वर्षो से लगातार बच्चों के साथ...
ADMISSION OPEN
ENGLISH MEDIUM
For Nuresery to 10th

Topper Students Last Session



Tarun 90% Yamini 98%
Shraddha 93% Priyanka 96%
Prerna 84% Hitendra 99%
Akanksha 90% Geetanjali 99%
Chetna 94% Arpita 93%
Arpita 98% Rakesh 97%
Sejal 88% Shiva 97%





















Topper Students Last Session



Sushant 92% Prince 97%
Kusum 98% Abhishek 99%
Aayush 93% Prachi 97%
Tulika 96% Pari 96%
Aradhya 97% Ananya 99%
Ashish 96% Ankita 99%

Join CAREER...

Major Facts
1/ Well Qualified Teachers....
2/ A perfact ratio of Techers and Students regarding classes...
3/ Complete Caring Atmosphere.
4/ Good and Equipped Class rooms....
5/ Value based education like daily classes for Logical Maths, G.K.,English Grammar....
6/ CCTV equipped School...
7/ Scientific and Cultural Activities Every Saturday....
8/ And above all Attention on Each and Every Student of the School....

CAREER SCHOOL
ENGLISH MEDIUM
BEHIND STADIUM STREET
RAIGARH C.G.
07762-221359

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO.-CHHHIN16931